यह देखो जलाभिषेक का प्रारंभ होते ही खंजरी, करताल, ढोलक, धुधरा, डफली, घंटनाद, शंखनादादि वाजिंत्रों से वातावरण गूंज उठा ! कोई चामर नृत्य कर रहा है ! कोई हर्ष विभोर बनकर ''जय जय श्री नेमिनाथ'' ''जय जय श्री नेमिनाथ'' के नाद से १५-२० मिनिट के लिए पूरे वातावरण को गुंजित कर रहे है !

अहो ! अहो ! अहो !

कितना दिव्य परमात्मा का अभिषेक है !

श्यामवर्ण के शिखर से जैसे चाँदी के झरने न बहते हो ! अद्‌भुत ! अवर्णनीय ! अनोखा है यह दृश्य !

यह देखो सभी की आँखों से बहती यह अश्रुधारा सभी के पापों का कैसा प्रक्षालन कर रही है !

स्तुति

प्रभु मस्तके मन मोहती, अभिषेक धारा धन्य छे !
भविपापमलने पखालनारी, नीरधारा धन्य छे !
नेमि-न्हवण नीरखी, वरसती अश्रुधारा धन्य छे !
अभिषेक उपकरण बननारा, कलशने धन्य छे !

सद्भाग्य वर उपलब्धि करता, क्षीरने पण धन्य छे !
वरक्षीर झरनारी सुमंगल, धेनुमाता धन्य छे !
झांखी करावे सुरसदननी, भक्तगणने धन्य छे !
ढोलक ने घंटारव सुमंजुल, शंखनादने धन्य छे !

गिरनार तीर्थ मल्यु मने, मुज पुण्यने पण धन्य छे !
रंगायु मनडु भावमां, प्रभुनी कृपाने धन्य छे !
भावोनी पुष्टि करावतो, गिरनार गिरिवर धन्य छे !
मुज धन्यताना मूल, नेमिनाथ दादा धन्य छे !

गिरनार महातीर्थ यात्रा का तीसरा चैत्यवंदन

अब हम हमारी इस **यात्रा का तीसरा और मुख्य ऐसा नेमिनाथ दादा का चैत्यवंदन करें...**

(इरियावही आदि करके...)

चैत्यवंदन

बावीसमां श्री नेमिनाथ, घोर ब्रह्मव्रतधारी,
शक्ति अनंती जेहनी, त्रण भुवन सुखकारी... १

इन्द्र चन्द्र नागेन्द्रने, वासुदेवो सर्वे
चक्रवर्तिओ नेमिने, सेवे रही अगर्व... २

कृष्णादिक भक्तो घणाए, जेनी सेवा सारे,
एवा परमेश्वर विभु, सेवंता सुख भारे... ३

स्तवन - १

(तर्ज : देशी..../तु मने भगवान)

नीरख्यो नेमि जिणंदने अरिहंताजी, राजीमती कर्यो त्याग भगवंताजी,
ब्रह्मचारी संयम ग्रह्यो अरिहंताजी, अनुक्रमे थया वीतराग भगवंताजी,

चामर चक्र सिंहासन अरिहंताजी, पादपीठ संयुत भगवंताजी,
छत्र चाले आकाशमां अरिहंताजी, देवदुंदुभि वर उत्त भगवंताजी,

सहसजोयण ध्वज सोहतो अरिहंताजी, प्रभु आगल चालंत भगवंताजी,
कनक कमल नव उपरे अरिहंताजी, विचरे पाय ठवंत भगवंताजी,

चार मुखे दीए देशना अरिहंताजी, त्रण गढ झाकझमाल भगवंताजी,
केश रोम श्मश्रु नखा अरिहंताजी, वाधे नहि कोई काल भगवंताजी,

कांटा पण ऊंधा होय अरिहंताजी, पंच विषय अनुकूल भगवंताजी,
षट्ऋतु समकाले फले अरिहंताजी, वायु नही प्रतिकूल भगवंताजी,

पाणी सुगंध सुर कुसुमनी अरिहंताजी, वृष्टि होय सुरसाल भगवंताजी,
पंखी दीए सुप्रदक्षिणा अरिहंताजी, वृक्ष नमे असराल भगवंताजी,

जिनउत्तम पद पद्मनी अरिहंताजी, सेवा करे सुरकोडी भगवंताजी,
चार निकायना जधन्यथी अरिहंताजी, चैत्यवृक्ष तेम जोडी भगवंताजी.

स्तवन - २

(राग : मिले मन भीतर भगवान)

नीरखी नयणा भींजाय, नीरखी नयणा भींजाय,
श्री गिरनारी नेमप्रभुने, नीरखी नयणा भींजाय,
व्हालाजीनुं मुखडु देखी, हियडे हरख न माय...
जिनेश्वर ! नीरखी नयणा भींजाय (२)

स्वामी स्पर्शे रोमराजी, पलमां पुलकित थाय (२)
श्री जिनवरना गुणला गाता, आनंद अति उभराय...
जिनेश्वर ! नीरखी नयणा भींजाय (२)

श्यामल वरणी देहडीने, उज्ज्वल एनी कांति (२)
अषाढ मासे घनघोर मेहे, वीज तणी ए भ्रांति...
जिनेश्वर ! नीरखी नयणा भींजाय (२)

पदवी लही षट्जीवत्राता, आपता सौने शाता (२)
सहसावनमां साधनाए, हुआ केवलज्ञाता...
जिनेश्वर ! नीरखी नयणा भींजाय (२)

चंदनवने सर्पनाशे, मोर तणे टहूकार (२)
श्री नेमीश्वर नाम समरता, दूर टळे विकार...
जिनेश्वर ! नीरखी नयणा भींजाय (२)

आर्य अनार्यभूमि विहरता, जिन वचनामृत पाता (२)
श्री गिरनारनी पंचमटूंके, मुगतिपतिअे थाता...
जिनेश्वर ! नीरखी नयणा भींजाय (२)

घेर बेठां अे गिरि ध्यावे, भवचोथे शिव जावे (२)
हेम वदे जे अे गिरि सेवे, वल्लभपदने पावे...
जिनेश्वर ! नीरखी नयणा भींजाय (२)

स्तवन - ३

(राग : जिन तेरे चरण की शरण....)

देखो माई ! अजब रुप जिनजी को... (२)
इनके आगे और सबहुं को, रुप लागे मोंहे फीको... देखो...
नयन करुणा अमृत कचोले, मुख सोहे अति निको... देखो...
कवि जसविजय कहे ए नेमजी, प्रभु त्रिभुवन टीको... देखो...

थोय

गढ गिरनारे नमुं, नेमिजिनेश्वर स्वाम,
चोवीशे जिनवर, जगतजीव विश्राम;
अमृत सम आगम, सुणीए शुभ परिणाम,
अंबिकादेवी, सारे काज तमाम.

चलो ! अब हम गिरनार महातीर्थ के खमासमण के ९ दुहे के साथ खमासमण देकर ९ लोगस्स का काउस्सग्ग करें !

रैवतगिरि समरुं सदा, सोरठ देश मोझार,
मानवभव पामी करी, ध्यावुं वारंवार... १

सोरठदेशमां संचर्यो, न चढ्यो गढ गिरनार,
सहसावन फरश्यो नही, एनो एले गयो अवतार... २

दीक्षा-केवल सहसावने, पंचमे गढ निर्वाण,
पावनभूमिने फरशता, जनम सफल थयो जाण... ३

जगमां तीरथ दो वडा, शत्रुंजय गिरनार,
एक गढ ऋषभ समोसर्या, एक गढ नेमकुमार... ४

कैलास गिरिवरे शिववर्या, तीर्थंकरो अनंत,
आगे अनंता पामशे, तीरथकल्प वदंत... ५

गजपद कुंडे नाहीने, मुख बांधी मुखकोश,
देव नेमिजिन पूजता, नाशे सघला दोष.... ६

एकेकु पगलु चढे, स्वर्णगिरिनुं जेह,
हेम वदे भवोभवतणां, पातिक थाये छेह... ७

उज्ज्यंत गिरिवर मंडणो, शिवादेवीनो नंद,
यदुकुलवंश उजालीयो, नमो नमो नेमिजिणंद... ८

आधि व्याधि उपाधि सौ, जाये तत्काल दूर,
भावथी नंदभद्र वंदता, पामे शिवसुख नूर... ९

(अवसर्पिणी के ६ आरे में इस तीर्थ के अनुक्रम से ६ नाम : १. कैलासगिरि २. उज्ज्यंतगिरि ३. रैवतगिरि ४. स्वर्णगिरि ५. गिरनारगिरि ६. नंदभद्रगिरि)

एक खमासमण देकर श्री रैवतगिरि महातीर्थ आराधनार्थं काउस्सग्ग करुँ ? इच्छं रैवतगिरि महातीर्थ आराधनार्थं करेमि काउस्सग्गं वंदणवत्तियाए, पूअणवत्तियाए सक्कारवत्तियाए, सम्माणवत्तियाए, बोहिलाभवत्तियाए, निरुवसग्गवत्तियाए ! सद्धाए, मेहाए, धीइए, धारणाए, अणुप्पेहाए, वड्ढमाणीए, ठामी काउस्सग्गं, अन्नत्थ ऊससिएणं, नीससिएणं, खासिएणं, छीएणं, जंभाइएणं, उड्डुएणं, वायनिसग्गेणं, भमलीए पित्तमुच्छाए, सुहुमेहिं अंगसंचालेहिं, सुहुमेहिं खेलसंचालेहिं, सुहुमेहिं दिट्ठिसंचालेहिं, एवमाइएहिं आगारेहिं, अभग्गो अविराहिओ, हुज्ज मे काउस्सग्गो, जाव अरिहंताणं भगवंताणं नमुक्कारेणं न पारेमि, ताव कायं ठाणेणं, मोणेणं, झाणेणं अप्पाणं वोसिरामि.

(९ लोगस्स का काउस्सग्ग न आए तो ३६ नवकार का काउस्सग्ग करके नमो अरिहंताणं.... बोलकर)

लोगस्स उज्जोअगरे, धम्मतित्थयरे जिणे;
अरिहंते कित्तइस्सं, चउविसंपि केवलि. ॥१॥

उसभमजिअं च वंदे, संभवमभिणंदणं च सुमई च;
पउमप्पहं सुपासं, जिणं च चंदप्पहं वंदे. ॥२॥

सुविहिं च पुप्फदंतं, सीअल सिज्जंस वासुपुज्जं च;
विमलमणंतं च जिणं, धम्मं संतिं च वंदामि ॥३॥

कुंथुं अरं च मल्लिं, वंदे मुणिसुव्वयं नमिजिणं च;
वंदामि रिट्ठनेमिं, पासं तह वद्धमाणं च ॥४॥

एवं मए अभिथुआ, विहुय रयमला पहीण जरमरणा;
चउविसंपि जिणवरा, तित्थयरा मे पसीयंतु ॥५॥

कित्तिय वंदिय महिआ, जे ए लोगस्स उत्तमा सिद्धा;
आरुग्ग बोहिलाभं, समाहिवरमुत्तमं दिंतु ॥६॥

चंदेसु निम्मलयरा, आइच्चेसु अहियं पयासयरा;
सागरवरगंभीरा, सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु ॥७॥

खमासमण देकर अविधि आशातना मिच्छामि दुक्कडं।

हे नेमिप्रभु ! आज आपके दर्शन-वंदन-पूजन से हम पावन बनें !

प्रभु ! आपके अनंत गुणों के अनंतवें भाग के गुणों का सद्भाग्य हमें प्राप्त हो !

हे समुद्रविजय कुलचंद ! हे माता शिवादेवी नंद !
ओ निष्कारणबंधु ! ओ निष्कारण वत्सल प्रभु !
ओ त्रिभुवनवल्लभ ! ओ सविजीव पालनहार प्रभु !
आपके अमूल्य आलंबन से हमारा कल्याण हो !

- जरासंघ की जराविद्या के शिकार बने सैन्य को जरा से मुक्त करने के लिए आप स्वयं समर्थ होने के बावजूद भी पार्श्वनाथ प्रभु की प्रतिमा के प्रक्षालन जल के छंटकाव से सैन्य को जागृत करने की सूचना कृष्ण को देनेवाले हे नेमिप्रभु ! धन्य है आपकी निरासंशा को! धन्य है आपकी निःस्पृहता को ! प्रभु ! हममें भी इस निःस्पृहता गुण का अवतरण हो !
- जरासंघ के साथ युद्ध में तीन दिनों में खून की एक बूँद भी गिराए बिना शत्रु के सैन्य का शमन करनेवाले हे नेमिप्रभु ! धन्य है आपकी अहिंसा को ! प्रभु ! हमें भी आपके इस अहिंसा पालन गुण की प्राप्ति हो !
- यदुकुलवंश सहित अनेक आत्माओं को तारनेवाले हे नेमिप्रभु ! हममें भी सभी को तारने की तमन्नावाले

तारकता गुण का प्रगटीकरण हो !

प्रभु आपकी अमिदृष्टि से हमारी विभावदशा अंतर्धान हो ! स्वभावदशा का प्रादुर्भाव हो !

भवसमुद्र से उगारनेवाले ! तारनेवाले ! हे नेमिप्रभु ! आपके प्रभाव से अनादिकाल के भवभ्रमण की यह अंतिमयात्रा बनो !

आ भव मळीयाने परभव मळजो, सेवा तमारी भवोभव मळजो; शरणु आपनुं भवोभव मळजो, दर्शन आपना अहनिश मळजो.

इस अद्‌भुत पक्षाल की तरह इन दादा की आरती भी देखने जैसी है !

चलो ! अब हम इस तीर्थयात्रा का चौथा चैत्यवंदन इन जिनालय के पीछे आए हुए आदिनाथ भगवान के जिनालय के सन्मुख करें....

गिरनार महातीर्थ यात्रा का चौथा चैत्यवंदन

आदिनाथ का चैत्यवंदन

श्री शत्रुंजय सिद्धक्षेत्र, दीठे दुर्गति वारे,
भाव धरी जेह चढे, तेने भवपार उतारे.
अनंत सिद्धनो एह ठाम, सकल तीर्थनो राय,
पूर्व नव्वाणु ऋषभदेव, ज्यां ठवीया प्रभु पाय.
सुरजकुंड सोहामणो, कवडजक्ष अभिराम,
नाभिराया कुलमंडणो, जिनवर करुं प्रणाम.

स्तवन

सिद्धाचलना वासी, विमलाचलना वासी जिनजी प्यारा,
आदिनाथने वंदन हमारा,
प्रभुजीनुं मुखडुं मलके, नयनोमांथी वरसे अमीरस धारा,
आदिनाथने वंदन हमारा... १

प्रभुजीनुं मुखडु छे मलक मिलाकर, दिल में भक्ति की ज्योत जगाकर,
भजीले प्रभुने भावे, दुर्गति कदी न आवे... जिनजी प्यारा...२

भमीने लाख चोराशी हुं आव्यो, पुण्ये दरिशन तमारा हुं पायो,
धन्य दिवस मारो, भवना फेरा टालो... जिनजी प्यारा... ३

प्रभु अमे मायाना विलासी, तमे तो मुक्तिपुरीना वासी,
कर्मबंधन कापो, मोक्ष सुख आपो... जिनजी प्यारा... ४

अरजी उरमां धरजो अमारी, अमने आशा छे प्रभुजी तमारी,
कहे हर्ष हवे साचा स्वामी तमे, पूजन करीए अमे... जिनजी... ५

स्तुति

प्रह उठी वंदु ऋषभदेव गुणवंत;
प्रभु बेठा सोहे, समवसरण भगवंत;
त्रण छत्र बिराजे, चामर ढाले इन्द्र;
जिनना गुण गावे, सुरनर नारीना वृंद.

गिरनार महातीर्थ यात्रा का पाँचवां चैत्यवंदन

चलो ! अब पहले अमिझरा पार्श्वनाथ के भोंयरे में (भूखण्ड में) हम इस तीर्थयात्रा का पाँचवाँ चैत्यवंदन करें...

पार्श्वनाथ का चैत्यवंदन

जयचिंतामणी पार्श्वनाथ, जय त्रिभुवन स्वामी,
अष्टकर्म रिपु जीतीने, पंचमी गति पामी ॥१॥
प्रभु नामे आनंदकंद, सुख संपत्ति लहिए,
प्रभु नामे भवभयतणा, पातिक सवि दहिए ॥२॥
ॐ ह्रीँ वर्ण जोडी करी, जपीए पारस नाम,
विष अमृत थई परिणमे, लहिए अविचल ठाम ॥३॥

स्तवन

तुं प्रभु मारो हुं प्रभु तारो, क्षण एक मुजने ना रे विसारो;
महेर करी मुज विनंती स्वीकारो, स्वामी सेवक जाणी निहालो... १

लाख चोराशी भटकी प्रभुजी, आव्यो हुं तारे शरणे हो जिनजी;
दुर्गति कापो शिवसुख आपो, भक्त सेवकने निजपदे स्थापो... २

अक्षय खजानो प्रभु तारो भर्यो छे, आपो कृपालु में हाथ धर्यो छे;
वामानंदन जगवंदन प्यारो, देव अनेरा मांहे तुं ही न्यारो... ३

पल पल समरुं नाम शंखेश्वर, समरथ तारण तुं ही जिनेश्वर;
प्राण थकी तुं अधिको वहालो, दया करी मुजने नेहे निहालो... ४

भक्तवत्सल तारुं बिरुद जाणी, केड न छोडुं एम लेजो जाणी;
चरणोनी सेवा नित नित चाहुं, घडी घडी मनमांहे हुं तो उमाहुं... ५

ज्ञानविमल तुज भक्ति प्रभावे, भवोभवना संताप समावे;
अमीय भरेली तारी मूरति निहाली, पाप अंतरना देजो पखाली... ६

स्तुति

अमीझरा पार्श्वप्रभु समरो, अरिहंत अनंतनुं ध्यान धरो;
जिन आगम अमृतपान करो, शासनदेवी सवि विघ्न हरो.

यह संकुल में दर्शन-चैत्यवंदन करके नीचे २. मेरकवसी की टूंक ३. सगराम सोनी की टूंक ४. कुमारपाल की टूंक के दर्शन-पूजन कर सकते हैं । फिर वापस लौटकर संकुल से बाहर निकलकर ५. मानसंग भोजराज का मंदिर ६. वस्तुपाल-तेजपाल का मंदिर ७. गुमास्ता का मंदिर ८. संप्रति महाराजा का मंदिर ९. ज्ञानवाव का मंदिर १०. चंद्रप्रभ की टूंक, गजपद कुंड ११. धरमशी हेमराज का मंदिर १२. मल्लवाला मंदिर १३. चौमुखजी मंदिर १४. रहनेमि के मंदिर में भी दर्शन-पूजन कर सकते हो । वहाँ से पांचवी टूंक मोक्षकल्याणक भूमि की भी स्पर्शना करके वापस लौटकर सहसावन दीक्षा-केवलज्ञान कल्याणकभूमि की ओर जा सकते हो ।

सहसावन कल्याणकभूमि

सहसावन का मुख्य नाम **''सहस्राम्रवन''** है! उसका अर्थ सुनो ! सहस्र अर्थात् हजार, आम्र अर्थात् आम (केरी) और वन अर्थात् जंगल अर्थात् हजारों आम के वृक्षों का वन ! परन्तु कालक्रम से शब्द का अपभ्रंश होते-होते आज वह **''सहसावन''** के नाम से प्रसिद्ध है । उसमें भी अन्यधर्मी पुण्यात्मा तो उसे **''शेषावन''** कहते हैं ।

हजारों आम के घटादार वृक्षों से घिरे हुए इस स्थल की रमणीयता तन-मन को अनोखी शीतलता की अनुभूति करवाती है।

आज भी यह भूमि मोर तथा कोयल की मधुर ध्वनि से गूंज रही है।

इस पावनभूमि ने नेमिप्रभु तथा उनसे पूर्व हुए अनंत तीर्थंकर परमात्मा के दीक्षा अवसर के उछलते वैराग्यरस से भरे हुए अणु परमाणुओं को आज भी वातावरण में संभालकर रखा है।

इस पावनभूमि में नेमिप्रभु सहित अनंत तीर्थंकर परमात्मा के केवलज्ञान कल्याणकों का पुनित प्रकाश आज भी भव्यात्माओं के अंतर में पड़े मिथ्यातामस को दूर करके सम्यक्त्व की साधना का स्पर्श करवा रहा है।

कैवल्यलक्ष्मी की प्राप्ति होते ही करोड़ों देवताओं के द्वारा रचित समवसरण में देशना देते चोत्रीस अतिशय युक्त प्रभुजी की वाणी के शब्दों के तरंगों से होते गुंजन की आज भी अनुभूति होती है। यह सहसावन तो **''हार्ट ऑफ ध गिरनार''** है।

आत्मन् !

इतनी भव्य और दिव्यभूमि होने के बावजूद भी कई वर्षों से इस सहसावन की पावनभूमि के प्रति उपेक्षा हो रही थी। पहली टूंक से यहाँ तक आने का पगदंडी का मार्ग भी विकट था। कोई भी जैन यात्रिक इस पवित्रतम कल्याणक भूमि की स्पर्शना करने का साहस नहीं करते थे।

वर्तमान चोवीसी के २४ तीर्थंकर परमात्मा के १२० कल्याणकों में से ११७ कल्याणक पूर्व भारत में हुए हैं और मात्र तीन कल्याणक पश्चिम भारत में तथा वे भी गुजरात सौराष्ट्र में रहे इस गिरनार पर हुए हैं। कई सदियों से साधु-साध्वी के विचरण विशेषरुप से गुजरात में होने के बावजूद भी इन तीन कल्याणक भूमि की स्पर्शना से सकल श्री संघ वंचित रहा...

चलो ! इस दूसरे रंगमंडप में काष्ठ के समवसरण में बिराजमान प्राचीन चौमुखजी के दर्शन करते हुए कहें... **''नमो जिणाणं'' ''नमो जिणाणं''**

देखो ! देखो ! इस रंगमंडप में दोनों तरफ प्रभु के अठारह गणधर भगवंतों की प्रतिमाजी भी बिराजमान है, उन्हें भी नमन करते जायें !

''मत्थएण वंदामि'' ''मत्थएण वंदामि''

यह देखो ! उत्तराभिमुख रंगमंडप में आमने-सामने

हमारी दायीं तरफ गोखले में मुख्य श्यामवर्णीय श्री नेमिनाथ तथा उनके परिकर में अतीत चौबीसी में यहाँ से मोक्ष में गए हुए १० प्रभुजी हैं ! तथा बायीं तरफ के गोखले में यहाँ से मोक्ष में जानेवाले अनागत चौबीसी के प्रथम पद्मनाभ भगवान मुख्य है। उनके परिकर में बाकी के २३ भगवान हैं। वे सब पूजनीक हैं। अतीत तथा अनागत चौबीसी के यहाँ से मोक्ष में गए हुए प्रभुजी की प्रतिमायें ! सभी भगवान को **''नमो जिणाणं''** प्रभुवीर के अनन्यभक्त श्रेणिक महाराजा की आत्मा अनागत चौबीसी में श्री पद्मनाभ नामक प्रथम तीर्थंकर बनकर इसी

गिरनार से मोक्षगमन करेंगे ! उनकी यह प्रतिमा है।

समवसरण को प्रदक्षिणा देकर इस उत्तराभिमुख संप्रतिकालीन प्रभुजी सन्मुख चैत्यवंदन करें...

स्तुति

श्यामल छबी प्रशमार्द्र नयनो, रुप आ रळियामणुं,
मुखडुं मनोहर आकृति, रमणिय स्मित सोहामणु;
आ सर्व अंतिम समयमां, मुज नयनमां अवतारजो,
हे नेमिनाथ जिनेन्द्र, मारी प्रार्थना स्वीकारजो... (२)

चैत्यवंदन

गिरि गिरनार जई वसे, जैसे नेमकुमार,
कनकभूमि करी देवता, भक्ति करे मनोहार... १

एक प्रतिमा वज्रनी, एक कंचन केरी,
एक प्रतिमा रत्न, मणिमय भलेरी... २

काले सज्जन बहु मिल्याए, जेणे कीधो उद्धार,
नेमिनाथ बेठा तिहां, कंठे रयण मनोहार... ३

स्तवन

(राग : ओघो छे अणमूलो... + एक प्यार का नगमा...)

(१)

मैं आज दरिसण पाया, श्री नेमिनाथ जिनराया,
प्रभु शिवादेवीना जाया, प्रभु समुद्रविजय कुल आया;
कर्मों के फंद छुडाया, ब्रह्मचारी नाम धराया,
जिने तोडी जगत की माया (२).... मैं आज...

रैवतगिरि मंडनराया, कल्याणक तीन सोहाया,
दीक्षा केवल शिवराया, जगतारक बिरुद धराया;
तुम बैठे ध्यान लगाया (२)... मैं आज...

अब सुनो त्रिभुवनराया, मैं कर्मों के वश आया,
मैं चतुर्गति भटकाया, मैं दुःख अनंता पाया,
ते गिनति नाही गिनाया (२)... मैं आज...

मैं गर्भावास में आया, ऊंधे मस्तक लटकाया,
आहार अरस विरस भुगताया, एम अशुभ करम फल पाया;
इण दुःख से नाहि मुकाया (२)... मैं आज...

नरभव चिंतामणी पाया, तब चार चोर मिल आया,
मुझे चौटे में लूट खाया, अब सार करो जिनराया;
किस कारण देर लगाया... (२) मैं आज...

जिणे अंर्तगत में लाया, प्रभु नेमि निरंजन ध्याया,
दुःख संकट विघन हटाया, ते परमानंद पद पाया;
फिर संसारे नहीं आया (२)... मैं आज...

मैं दूर देश से आया, प्रभु चरणे शीश नमाया,
मैं अरज करी सुखदाया, तुमे अवधारो महाराया;
एम वीरविजय गुणगाया (२)... मैं आज...

(२) वो काला सहसावन

वो काला सहसावनवाला (२), सुध बिसरा गया मोरी रे (२)
शिवादेवी नंदकिशोर जो (२), कर गयो रे, कर गयो रे, कर गयो
मन की चोरी रे..... सुध

कालो काजल अखियन सोहे, काले बादल में ज्युं जल होवे (२)
सुरभि सुहागन सुंदर सोहे (२), काली भयी कस्तुरी रे... सुध

काली कीकी काला तिल है, कालोदधि का काला जल है (२)
वैसी ही काली सुरत तोरी (२), मैं तो गया बलिहारी रे... सुध

कनक कसौटी पत्थर कालो, कालो कनैयो जशोदा को लालो (२)
जो काले ने राजुल तारी (२), जय जय जय गिरनारी रे... सुध

थोय

गिरनारे गिरुओ, वहालो नेमि जिणंद,
अष्टापद उपर, पूजी धरो आनंद;
सिद्धांतनी रचना, गणधर करे अनेक,
दिवाली दिवसे, द्यो अंबा विवेक

चलो ! नीचे उतरकर इस समवसरण की बायीं तरफ जायें ! यह देखो ! पू.आ. हिमांशुसूरि महाराज साहेब के पूज्यों की प्रतिकृति तथा चरण पादुका !

''मत्थएण वंदामि'' ''मत्थएण वंदामि''

यह देखो ! नीचे गुफा है ! अरे ! यह शंख गुफा देखो! गुफा में अंदर आते समय सिर पर न लगे उसका ध्यान रखना! नीचे झुककर आना ! **''नमे ते प्रभुने गमे''** ''जो झुकता है वह प्रभु को पसंद आता है'' यहाँ पर ११ ईंच के श्यामवर्णीय श्री नेमिनाथ भगवान जो अत्यंत मनमोहक हैं, उनके दर्शन करो। ''नमो जिणाणं''

इस गुफा में अनेक महात्माओं ने छट्ठ-अट्ठम-आयंबिलादि अनेकविध तपाराधना के साथ आत्मकल्याणकारी विशिष्ट जाप की आराधना की है।

चलो ! हम भी इस पावन भूमि की ऊर्जा प्राप्त करने के लिए जाप करें।

''ॐ ह्रीँ अर्हं श्री नेमिनाथाय नमः'' (३ बार)

चलो ! इस जिनालय से बाहर निकलते ही वहाँ सामने देखो ! यहाँ दर्शन-पूजन के लिए आते जैन श्वेतांबर यात्रिकों के लिए भाते की व्यवस्था रखी गयी है। अब इस संकुल से बाहर निकलकर हम नीचे उतरें...

यह १५ सोपान उतरने पर दायीं तरफ देखो !

यह है सहसावन कल्याणकभूमि तीर्थोद्धारक, तपस्वी सम्राट परम पूज्य आचार्य हिमांशुसूरीश्वरजी महाराजा की अंतिम संस्कारभूमि ! उपर दूर जो टूंक दिख रही है वह है नेमिनाथ भगवान की मोक्षकल्याणकभूमि ! याने पांचवी टूंक !

चलो यहाँ से दर्शन - चैत्यवंदन कर लेते है **''नमो जिणाणं''**

मोक्षकल्याणक भूमि का चैत्यवंदन

राजुल वर श्री नेमिनाथ, शामळियो सारो;
शंख लंछन दस धनुष देह, मनमोहन गारो. १

समुद्र विजय राय कुळतिलो, शिवादेवी सुत प्यारो;
सहस्त्र वरसनुं आउखुं, पाळी सुखकारो. २

गिरनारे मुक्ति गया ए, शौरीपुरी अवतार;
'रुपविजय' कहे वालहो, जगजीवन आधार. ३

(५) राग : सिद्धारथना रे नंदन... / वैष्णवजन तो तेने रे...

नेमि जिनेश्वर निज कारज कर्यो, छांड्यो सर्व विभावोजी;
आतम शक्ति सकळ प्रगट करी, आस्वादो निज भावोजी (१)

राजुल नारी रे सारी मति धरी, अवलंब्या अरिहंतोजी;
उत्तम संगे रे उत्तमता वधे, सधे आनंद अनंतोजी... (२)

धर्म अधर्म आकाश अचेतना, ते वीजाती अग्राह्योजी;
पुद्गल ग्रह वेरे कर्म कलंकता, वाधे बाधक बाह्योजी... (३)

रागी संगे रे राग दशा वधे, थाए तिणे संसारोजी;
निरागीथी रे रागनो जोडवो, लहीये भवनो पारोजी... (४)

अप्रशस्ततारे टाळी प्रशस्तता, करवा आश्रव नासेजी;
संवर वाघेरे साथे निर्जरा, आतम भाव प्रकाशेजी... (५)

नेमि प्रभु ध्याने एकत्वता, निज तत्त्वे इक तानोजी;
शुकल ध्याने रे साधी सुसिद्धता, लहिये मुक्ति निदानोजी... (६)

अगम अरुपीरे अलख अगोचरु, परमातम परमीशोजी;
देवचंद जिनवरनी सेवना, करतां वाधे जगीशोजी (७)

थोय

गढ गिरनारे नमुं, नेमिजिनेश्वर स्वाम,
चोवीशे जिनवर, जगतजीव विश्राम;
अमृत सम आगम, सुणीये शुभ परिणाम,
अंबिकादेवी, सारे काज तमाम.

यह देखो ! अंतिम संस्कारभूमि के स्थान पर पूज्यश्री की प्रतिकृति तथा चरणपादुका ! **''मत्थएण वंदामि''**

चलो ! इस समाधि-स्थान को तीन प्रदक्षिणा देकर गुरुवंदन करें.... !

इस महापुरुष के जीवन का भी स्पर्श करने जैसा है।

पूज्यश्री के जीवन में साधिक ३०५० उपवास तथा ११५०० से भी अधिक आयंबिल तप की आराधना अनेक वैविध्यपूर्वक हुई थी। जिसकी एक झलक निहारें....

३० उपवास - १ बार	१७ उपवास - २ बार	९ उपवास - ३ बार
२४ उपवास - २ बार	१६ उपवास - २ बार	८ उपवास - ८ बार
२३ उपवास - २ बार	१५ उपवास - २ बार	७ उपवास - ३ बार
२२ उपवास - २ बार	१४ उपवास - २ बार	६ उपवास - ५ बार
२१ उपवास - २ बार	१३ उपवास - २ बार	५ उपवास - ५ बार
२० उपवास - २२ बार	१२ उपवास - २ बार	४ उपवास - ६ बार
१९ उपवास - २ बार	११ उपवास - २ बार	३ उपवास - ५५ बार
१८ उपवास - २ बार	**१० उपवास - २ बार**	**२ उपवास - २१० बार**

१ उपवास - १३५० से अधिक बार

पूज्यश्री की तपाराधना पढ़कर कई जीवों के मुख से अहो... आश्चर्यं ! अहो... आश्चर्यम् के उद्‌गार सहजता से निकल पड़ते हैं... और हाँ ! ऐसे घोर तप में भी पूज्यश्री की निराशंसा और निरतिचारता तो अभी सुनने जैसी है !

- आजीवन निर्दोष भिक्षाचर्या के आग्रह के साथ विकट परिस्थिति में भी मात्र रोटी तथा पानी, कच्चे पोहे तथा पानी, मात्र खाखरा तथा पानी से भी हजारों आयंबिल

करते थे। अरे ! विहार में निर्दोष भिक्षा मिलना संभवित नहीं होता तब अट्ठाई तक का तप भी कर लेते...

- एक बार गिरनार महातीर्थ की ९९ यात्रा कर रहे थे... लगभग ५९ यात्राएं हो गयी थीं। दूसरे दिन सुबह १६ उपवास के पच्चक्खाण करके पहले १० उपवास में गिरनार की ४० यात्रायें करके ९९ यात्रा पूर्ण की और ११ वें उपवास में विहार शुरु करके सिद्धगिरि की छत्रछाया में पहुँचकर मासक्षमण पूरा किया... पारणे के दिन सिद्धगिरि की यात्रा करके दादा के दर्शन करके घेटी पाग के रास्ते से दोपहर में उतरकर लगभग साढ़े तीन बजे उनके पुत्र महाराज आ. नररत्न-सूरीश्वरजी सुबह १०.०० बजे वहोरकर लाए हुए निर्दोष मूंग के ठंडे पानी से आयंबिलपूर्वक पारणा किया... धन्य है उनके सत्व को ! धन्य है उनके मनोबल को ! सहज नतमस्तक वंदन हो जाये वैसा जिनशासन का यह आभूषण था।

पूज्यश्री...
प्रभु आज्ञा के आधीन थे...
जीवन में सादगी के सदाग्रही थे...
अनेक संघविखवाद के नाशक थे...

संघहितार्थे घोर अभिग्रह के धारक थे...

वृद्धावस्था में भी संघऋणमुक्ति के लिए जिनवाणी के उपदेशक थे...

जीवनसंध्यापर्यंत अध्ययन अध्यापन के चाहक थे...

अनेक जीवों के जीवन में आयंबिल तप के बीजारोपक थे...

कईयों के तारणहार थे...

उत्सर्गमार्ग के आचरण में उत्साही थे...

सभी पर वात्सल्य बरसानेवाले थे...

दुष्करतपकारक थे...

दृढमनोबल धारक थे... देहदमनकारक थे...

इस तरह अनेकविध गुणभंडार ऐसे पूज्यश्री के जीवन को जानना हो, पहचानना हो तो **''बींसवीं सदी की विरल विभूति''** नामक स्मृतिग्रंथ एक बार तो अवश्य पढ़ने जैसा है।

पूज्यश्री ने जीवन की अंतिम साँस गिरनार की छत्रछाया में स्थित जूनागढ़ के उपाश्रय में ली थी। पूज्यश्री ने नेमिनाथ दादा और गिरनार के साथ ऐसी एकमेकता हासिल की थी कि उनकी अंतिम भावना सहसावन में आने की थी। वह पूर्ण करने के लिए किसी चमत्कार का सर्जन हुआ। चारों

तरफ वनविस्तार तथा पहाड़ की ऊँचाई के कारण उनके पार्थिव देह का अंतिम संस्कार सहसावन में करना असंभव लग रहा था। फिर भी उनके संकल्पबल और दिव्य प्रभाव से ''न भूतो न भविष्यति'' ऐसा आश्चर्य हुआ ! पूज्यश्री के पार्थिवदेह के अंतिम संस्कार का कार्य इस भूमि पर संपन्न हुआ।

आज भी पूज्यश्री की अंतिम संस्कार की इस सहसावन की भूमि के दर्शन एवं स्पर्शन करके संकल्प करनेवाले अनेक भव्यात्माओं के तपधर्म के अंतराय टूटते हैं। अरे ! जो जहाँ हो वहाँ बैठे-बैठे भी उनका जाप अथवा नामस्मरण करता है, उसके तप के सर्व विघ्न दूर होने के अनेक दृष्टांत मिलते हैं।

लगभग ३० सोपान उतरने पर देखो ये दो रास्ते आयें। **इस गिरनार की यात्रा का हृदय (Heart) तो यह कल्याणकभूमि है ! इस भूमि के स्पर्श के बिना तो गिरनार की यात्रा अधूरी ही गिनी जाती है।** हम पहले दायीं तरफ के रास्ते में नेमिप्रभु की दीक्षा तथा केवलज्ञान कल्याणकभूमि के दर्शन-स्पर्शन और भक्ति करेंगे।

३० सोपान उतरने पर बायीं तरफ देखो ! हाल ही में गिरनार के जीर्णोद्धार अंतर्गत अत्यंत जीर्ण बनी केवलज्ञान

कल्याणक की देहरी का जीर्णोद्धार हुआ है । श्वेतवर्णीय संगेमरमर के पाषाण से नवनिर्मित उज्ज्वल यह देहरी कितनी सुंदर लग रही है ! ''नमो जिणाणं''

पहले हम यहाँ से भी नीचे अन्य १०-१५ सोपान उतरकर इस आश्रम के कमरे की बायीं तरफ आयी हुई दीक्षा कल्याणक की भूमि पर जाकर आराधना कर लें !

आत्मन् ! कल्याणक का मतलब तुम जानते हो ?

सुनो ! कल्याणक अर्थात् कल्याण करे वह कल्याणक ! हाँ ! आत्मा का कल्याण करे अर्थात् आत्मा को हितकारी, लाभकारी, सुखकारी बने उस घटना को कल्याणक कहा जाता है ।

जिनेश्वर परमात्मा संबंधी ऐसी पाँच घटनायें हैं, जो सभी जीवों के लिए कल्याणकारी हैं, वे हैं -

जिनेश्वर परमात्मा की आत्मा का च्यवन ! अर्थात् देवलोक अथवा नरकलोक का आयुष्य पूर्ण करके चारों गति के च्यवन से हमेशा के लिए छुटकारा पाना, वह है च्यवन कल्याणक !

अनादिकाल के भवभ्रमण के दौरान गर्भावास में रहकर अनंत जन्म किए, उन जन्मों की परंपरा से छुटकारा

पाना, वह है जन्म कल्याणक!

अनंत जन्म लेकर संसार के भोग सुखों की जंजाल में फँसे, उस गृहवास का हमेशा के लिए त्याग, वह है दीक्षा कल्याणक !

अनंत भवभ्रमण के दौरान ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय, मोहनीय और अंतरायकर्म रुपी घाती कर्मों के पाश में बंधकर भवों की परंपरा बढ़ाई। उस घातीकर्मावास से सदा के लिए छुटकारा, वह है केवलज्ञान कल्याणक !

अनादिकाल के भवभ्रमण में नचानेवाले ऐसे नाम, गोत्र, वेदनीय और आयुष्यकर्मरुपी अघाती कर्मावास के बंधन से मुक्त होना, वह है मोक्ष अथवा निर्वाणकल्याणक !

आत्मन् !

प्रभु के प्रत्येक कल्याणकों की घटना का काल तो मात्र कुछ समय का ही होता है। परन्तु उन घटनाओं के घटने मात्र से अर्थात् किसी भी व्यक्ति के द्वारा कोई भी प्रयास-पुरुषार्थ या प्रयत्न के बिना मात्र तीर्थंकर परमात्मा के प्रचंड पुण्य के प्रभाव से ही इस घटना के समय जो चमत्कार होते हैं, वे खास जानने जैसे हैं।

- एक तेजस्वी द्रव्य कहाँ तक प्रकाश फैला सकता है ?

मोमबत्ती २-४ फुट ! फानस १०-१२ फुट ! जीरो बल्ब २०-२५ फुट ! २०० पॉवर का बल्ब २००-३०० फुट ! हेलोझन लाईट १५००-२००० फुट ! सोडीयम लाईट १५-२० हजार फुट ! आधुनिक एस्ट्रोनोमि (खगोलशास्त्र) की परिभाषा में एक चन्द्र लाखों प्रकाश वर्ष !

एक सूर्य करोड़ प्रकाश वर्ष !

एक तारा अरब प्रकाश वर्ष जितने अति दूर प्रदेशों से इस पृथ्वी पर प्रकाश फैलाते हैं !

आत्मन् ! इससे विशेष दूर कोई प्रकाश फैला सकता है ?

हाँ ! **जिनेश्वर परमात्मा के कोई भी एक कल्याणक के एक मात्र अंश के प्रभाव से उर्ध्वलोक, अधोलोक और तिर्च्छालोक, इस तरह तीनों लोक में अर्थात् समग्र सृष्टि पर क्षणभर के लिए प्रकाश फैल जाता है ।**

- आत्मन् ! सैंकड़ों लोगों के साथ लड़ने की शक्ति १ योद्धा में होती है ! ऐसे १२ योद्धाओं से विशेष शक्ति १ बैल में होती है ।

१० बैल से विशेष शक्ति १ घोड़े में होती है ।

१० घोड़े से विशेष शक्ति १ पाडे में होती है ।

१० पाडे से विशेष शक्ति १ हाथी में होती है ।

५०० हाथी से विशेष शक्ति १ सिंह में होती है।

२००० सिंह से विशेष शक्ति १ अष्टापद नामक प्राणी में होती है।

१० लाख अष्टापद से विशेष शक्ति १ बलदेव में होती है।

२ बलदेव से विशेष शक्ति १ वासुदेव में होती है।

२ वासुदेव से विशेष शक्ति १ चक्रवर्ती में होती है।

१० लाख चक्रवर्ती से विशेष शक्ति १ वैमानिक इन्द्र में होती है।

आत्मन् !

ऐसे ६४-६४ इन्द्रों के सिंहासन भी जिनेश्वर परमात्मा के एक कल्याणक के मात्र एक अंश के प्रभाव से एक साथ कंपित होने लगते हैं।

आत्मन् ! अनंत इन्द्र से भी विशेष शक्ति तीर्थंकर परमात्मा की कनिष्ठ अंगुली मात्र में ही होती है। तुम्हें याद है ? कभी सुना होगा कि...

मेरुपर्वत पर जन्माभिषेक के अवसर पर प्रभु वीर को कोई तकलीफ तो नहीं होगी न ! ऐसा संशय सौधर्म इन्द्र को हुआ तब प्रभु ने अवधिज्ञान के उपयोग से इन्द्र की इस द्विधा का निवारण करने के लिए पाँव के अंगूठे से मेरुपर्वत को कंपित

किया था।

जबकि प्रभु के कल्याणक के अवसर पर तो इन इन्द्रों के सिंहासन प्रभु के पुण्य प्रभाव मात्र से कंपित होते हैं।

एक तीर्थंकर परमात्मा के एक कल्याणक के एक मात्र अंश के प्रभाव से एक साथ असंख्य जीवात्माओं की पापराशि को उखाड़कर पुण्यराशि से आत्मा का उत्थान, पुनः उत्थान और परम उत्थान करने की प्रचंड शक्ति होती है ! कल्याणक की कितनी प्रचंड शक्ति !

आत्मन् ! यदि अरिहंत प्रभु के एक मात्र कल्याणक के एक मात्र अंश की ऐसी अपरिमित शक्ति है तो संपूर्ण एक कल्याणक की शक्ति कितनी ? अनंती न !

एक प्रभु के एक कल्याणक में अनंतशक्ति है तो उनके पाँचों कल्याणकों की सामर्थ्यता कितनी ? अनंती न !

एक प्रभु के पाँचों कल्याणकों में अनंत शक्ति है तो अनंत तीर्थंकर प्रभु के अनंत कल्याणकों में कितनी सामर्थ्यता ? अनंतानंत न!

आत्मन् ! ये सभी शक्तियाँ बुद्धि से समझी नहीं जा सकती। परन्तु अनुभव में समझी जाती हैं। उसके लिए समय-साधना और सत्त्व की जरुरत है। कल्याणक दिन की

आराधना, कल्याणक भूमि की स्पर्शना, कल्याणक प्रसंग का ध्यानादि आराधना एकाग्रचित्त से, भक्तिभाव से, एकाकार होकर की जाये तो परमात्मा के साथ संबंध के नाते आत्मप्रदेशों के द्वारा परमात्मा के कल्याणकों के अणु परमाणुओं की स्पर्शना की जा सकती है। हमारी पात्रता के अनुसार प्रत्यक्ष अनुभूति होती है। अकथ्य और अकल्पनीय आत्मानंद से जीव आनंदविभोर हो जाते हैं। आज का सायन्स भी असंख्य वर्षों तक अणु परमाणु की उपस्थिति रहती होने का साबित करता है। आज भी इन कल्याणक भूमिओं में प्रभु के कल्याणक अवसर के अणु परमाणु वातावरण में वैसे ही पड़े हैं। जरुरत है मात्र हमारी आंतरिक दृष्टि के खुलने की। हाँ! आंतरिकदृष्टि खुलते ही आत्मार्थी आत्मायें अनुभूति का आस्वादन करने में समर्थ बनती हैं।

कर्मवश यदि ऐसी विशेष अनुभूति न भी हो तो भी उन अणु परमाणुओं की स्पर्शना के प्रभाव से अगम्य आनंद की अनुभूति का आस्वादन अवश्य होगा। अनादिकालीन मिथ्यात्व की ग्रंथी के भेद से निर्मल सम्यक्त्व की प्राप्ति होगी। बहुमानभाव से प्रभु के गुणों की अंशात्मक प्राप्ति होगी।

आत्मन्! भद्रबाहुस्वामी ने बृहत्कल्पभाष्य में स्पष्ट

लिखा है कि ऐसी कल्याणकभूमियों की स्पर्शनादि से सम्यक्त्व न हो उसे प्राप्त होता है और जिसे हो उसका सम्यक्त्व दृढ बनता है। सम्यक्त्व आए तो अवश्य मोक्ष होता ही है !

आत्मन्! ऐसे अनंत तीर्थंकर भगवंतों के दीक्षा-केवल-मोक्षकल्याणक से पवित्र भूमि है यह गिरनार! इसकी स्पर्शना से हम धन्य बन गए !

यह देखो ! यह आयी नेमिप्रभु की दीक्षाकल्याणक भूमि !

यहाँ नेमिप्रभु और अन्य भी अनंत तीर्थंकर परमात्मा के दीक्षाकल्याणक के अवसर के वैराग्यरस से आर्द्र पवन हमारे प्रत्येक रोम को रोमांचित कर रहा है।

यह देखो ! जंगल में साधको को सुरक्षित रुप से

साधना करने के लिए इस स्थान को चारों तरफ से बंद कर दिया गया है। अंदर देखो! श्वेतवर्णीय संगेमरमर के पाषाण की यह नवनिर्मित देहरी कितनी अद्‌भुत लग रही है। देहरी में श्वेतवर्णीय आरस के पुष्पाकार पबासण पर श्यामवर्णीय प्रभु की चरणपादुका कितनी सुंदर लग रही है। ''नमो जिणाणं''

चलो ! तीन प्रदक्षिणा देते हैं।

दीक्षा कल्याणक भूमि का चैत्यवंदन

स्तुति

जे भोगना काले अनुपम योग ने साधी गया,
वनिताना संगम कालमां, विरति शुं प्रीत बांधी गया;
महासत्त्वशाली शिरोमणी, प्रभु सत्त्वनी करुं याचना,
गिरनारमंडन नेमिजिनने, भावथी करुं वंदना... (२)

चैत्यवंदन

नेमिनाथ बावीसमा, अपराजितथी आय;
सौरीपुरमां अवतर्या, कन्या राशि सुहाय... १

योनि वाघ विवेकीने, राक्षस गण अद्‌भुत;
रिखा चित्रा चोपन दिन, मौनवता मनपूर... २

वेतक्ष हेठे केवलीए, पंचसया छत्रीश
वाचंयमशुं शिववर्या, वीर नमे निरादिश... ३

स्तवन

(तर्ज : अेवी डुंगरे-डुंगरे ददानी देरीयों...)

द्वारापुरीनो नेम राजियो, तजी छे जेणे राजुल जेवी नार रे,
गिरनारी नेम संयम लीधो छे बाला वेशमां... १
मंडप रच्यो छे मध्यचोकमां, जोवा मलिया छे द्वारापुरीना लोक रे... २
भाभीए मेणामार्या नेमने, परणे व्हालो श्री कृष्णनो वीर रे... ३
गोखे बेसीने राजुल जोइ रह्या, क्यारे आवे जादवकुलनो दीप रे... ४
नेमजी ते तोरण आवीया, सुणी कंइ पशुनो पोकार रे... ५
सासुए नेमजीने पोंखीया, व्हालो मारो तोरण चढ़वा जाय रे... ६
नेमजीए सालाने बोलावीया, शाने करे छे पशुडा पोकार रे... ७
राते राजुल बहेन परणशे, सवारे देशुं गोरवना भोजन रे... ८
पशुए पोकार कर्यो नेमने, उगारो व्हाला राजीमती केरा कंत रे... ९
नेमजीए रथ पाछो वालीयो, जइ चढ्या गढ गिरनार रे... १०

राजुल बेनी रुवे धुसके, रुवे रुवे काइ द्वारापुरीना लोक रे... ११
वीराए बेनीने समजावीया, अवर देशु नेम सरीखो भरथार रे... १२
पीयु ते नेम एक धारीया, अवर देखु भाईने बीजा बाप रे... १३
जमणी आँखे श्रावण सरवरे, डाबी आँखे भादरवो भरपुर रे... १४
चीर भींजाय राजुल नारीना, वागे छे कांइ कंटको अपार रे... १५
नेम तीर्थंकर बावीसमां, सखीयो कहे ना मले एनी जोड रे... १६
हीरविजय गुरु हीरलो, लब्धि विजय कहे करजोड रे... १७

थोय

राजुल वरनारी, रुपथी रतिहारी,
तेहना परिहारी, बालथी ब्रह्मचारी,
पशुआ उगारी, हुआ चारित्रधारी,
केवलसिरि सारी, पामीया घातीवारी...

आत्मन् ! चलो ! आँख बंद करके, हजारों वर्ष पूर्व हुए प्रभु के दीक्षा कल्याणक अवसर के दृश्य को मानसपट पर लाकर प्रभु के दीक्षाकल्याणक निमित्त से जाप करके प्रभु के दीक्षा के अवसर के भाव का स्पर्श करें....

''ॐ ह्रीँ श्री नेमिनाथ नाथाय नमः''

प्रभु ! जन्म से ही विषयों में अनासक्त होने के बावजूद

भी परिवारजनों के आग्रहवश उग्रसेन महाराजा की राजकन्या राजुल के साथ विवाह करने के लिए आपका रथ लग्न के मंडप के समीप पहुँच रहा था... उतने में ही निकट में रहे पशुओं के वाडे से पशुओं का करुण आक्रंद आपने सुना... सारथि से यह हकीकत जानी कि उनका वध करके लग्न में आए हुए मेहमानों के भोजन में इनका उपयोग किया जाएगा.....

प्रभु ! आप अतिव्यथित हुए। मेरे विवाह के निमित्त से इतने जीवों का बलिदान लिया जाएगा ?

प्रभु ! आप निर्दोष, अशरण और असहाय ऐसे इन दुःखमय और पापमय जीवों की महादारुण स्थिति सहन नहीं कर पायें।

प्रभु ! इन निर्दोष पशुओं के साथ-साथ आपने इस जगत के सर्व जीवों को अशरण ! असहाय ! दुःखमय और पापमय ! देखा और जाना ! करुणा से आर्द्र बना आपका अंतर द्रवित हो उठा !

प्रभु ! अशरण, असहाय, दुःखमय और पापमय ऐसे इन जीवों को दुःखयुक्त, पापयुक्त और जन्म-मरण के चक्करवाले इस भवसंसार से मुक्त करवाने के लिए आपको संयमग्रहण का एक ही उपाय सूझा।

प्रभु ! आपने संसार के शणगार का त्याग करके अणगार के शणगार को सजकर जीव मात्र के प्रति करुणा की भावना का सेवन करके प्रकृष्ट पुण्योपार्जन के द्वारा इन जीवों को तारने का दृढ़ संकल्प किया...

प्रभु ! दीक्षा दिन पर्यंत के शेष एक वर्षीय कर्मकाल के आपके भोगावली कर्म निर्मूल हुए... अंतःमुहूर्तकाल आत्मप्रदेशों में अनोखे आनंद का अविरत प्रवाह बहता है... नौ लोकांतिक देवों के आसन एक साथ चलायमान होते हैं... अवधिज्ञान के द्वारा प्रभु ! वे आपके शेष एक वर्षीय कर्मकाल के भोगावली कर्मों के सर्वथा क्षय से विज्ञात होते हैं... वे स्व-आचार के अनुसार शीघ्र आपके पास पहुँच जाते हैं और आपको तीर्थप्रवर्तन के लिए हाथ जोड़कर विनंती करते हैं।

प्रभु ! आपने अवधिज्ञान के माध्यम से भोगावली कर्म-चारित्रावरणीय कर्म की अवधि को जानकर मंगल स्वरुप वार्षिकदान देना प्रारंभ किया... अनेक भव्यात्माओं का द्रव्य और भाव दारिद्रय दूर किया।

वर्ष के अंत में श्रावण सुद पांचम के महामंगलकारी दिन में आप शिबिका में आरुढ़ हुए और आपका भव्यातिभव्य दीक्षा का वरघोड़ा निकला...

प्रभु ! आपके तीव्रतम वैराग्य को देखकर आपके २८ पित्राई भाई, श्री कृष्ण के ८ पुत्र, बलदेव के ७२ पुत्र, श्रीकृष्ण के ५६३ भाई, उग्रसेन राजा के ८ पुत्र, देवसेनादि १००, २१० यादव पुत्र, ८ बड़े राजा, अक्षोभकुमार, १ अक्षोभपुत्र तथा वरदत्तकुमार इस तरह एक हजार राजकुमार भी आपके साथ प्रव्रज्या के पंथ पर चलने के लिए निकल पड़े...

प्रभु ! अनंत भव्यात्माओं को संयम जीवन का दान देकर तीर्थंकरपद पर्यंत पहुँचानेवाले ऐसे गढ़ गिरनार की इस पावनतम भूमि पर आप पधारे...

शिबिका से उतरकर प्रभु ! आप यहीं इसी वृक्ष के नीचे ही रुके होंगे ?

प्रभु ! एक हजार राजकुमारों के साथ आपकी प्रव्रज्या की पावनतम प्रक्रिया का प्रारंभ इसी भूमि पर हुआ होगा ?

प्रभु ! सर्व वस्त्राभूषणों का त्याग करके वृक्ष के नीचे ही अपने ही हाथों से आपने पंचमुष्टि के द्वारा केशलूंचन किया होगा । प्रभु ! तब आपको जिन्होंने देखा होगा, वें धन्य हैं ।

''नमो सिद्धाणं'' पद से सिद्ध भगवंतों को नमस्कार करके ''करेमि सामाइयं सव्वं सावज्जं जोगं पच्चक्खामि'' ऐसे संयमसूत्र के साथ महासामायिक का उच्चारण किया होगा ।

प्रभु ! आपके उस सकल सावद्ययोग के जीवनपर्यंत के पच्चक्खाण के साथ ही अंतिम गृहवास से छुटकारा होते ही आपके सकल चारित्रावरणीय कर्म का उन्मूलन हुआ होगा ।

प्रभु ! चारित्रावरणीय कर्म का क्षय होते ही विशुद्ध, आज्ञा और मनसूचक के संपूर्ण शुद्धिकरण के प्रभाव से अनुक्रम से विशुद्ध संयमयोग, एकांतिक अनेकांतिक आज्ञायोग तथा मनःपर्यवज्ञान का मनोज्ञयोग आपको प्राप्त हुआ होगा ।

प्रभु ! उस समय मात्र केवली भगवंत तथा महायोगी पुरुषों को ही प्रत्यक्ष होता ऐसा, आपके ललाट के मध्य में मनःपर्यवज्ञान का साक्षीभूत ऐसा सूक्ष्मतर तेजस्वी बिंदु जगमगाता होगा ।

उस समय च्यवन कल्याणक और जन्मकल्याणक की तरह तीनों लोक में प्रकाश हुआ होगा । नारक, तिर्यंच, मनुष्य और देवों को भी सुख का आस्वादन हुआ होगा ।

- विवाह के समय पशुओं की पुकार सुनकर करुणाग्रस्त बनकर लग्नमंडप से वापिस लौटनेवाले ! हे नेमि ! हमारे अंतर में भी जीवमात्र के प्रति मैत्री और करुणागुण का प्रादुर्भाव हो ।
- विवाह के लिए ललचानेवाली ललनाओं की चेष्टा से

अलिप्त रहनेवाले हे नेमीश्वर ! हमारे हृदय में निर्विकारता और अनासक्ति का आगमन हो।

- नौ-नौ भव की प्रीत रखकर बैठी हुई राजुल का क्षणभर में त्याग करनेवाले हे महावैरागी प्रभु ! हममें भी वैसे महासत्त्व का सिंचन हो। प्रकृष्ट वैराग्य के बीजांकुर का वपन हो।
- प्रभु ! हमारी विषय-वासना का वमन हो।

आत्मन् ! इस पावनभूमि के अजोड़ आलंबन से कई मुमुक्षु आत्माओं के संयम के अंतराय टूटे हैं।

इस भूमि के आलंबन से कई आत्माओं ने प्रभु के बताये हुए प्रव्रज्या के पंथ पर चलकर आत्मकल्याण किया है।

इस पावनभूमि पर शक्तिशाली आत्मायें, चारित्र जीवन के अंतराय तोड़ने के संकल्पपूर्वक चारित्रपद के दोहें बोलकर १०८ प्रदक्षिणा, १०८ खमासमण और चारित्र पद आराधनार्थं १०८ लोगस्स के काउस्सग्ग की आराधना करके प्रव्रज्या के पंथ पर निकल पड़े है।

चलो ! आगे बढ़ें।

यह देखो वाल्मीकी गुफा ! उसके पास रहे कच्चे मार्ग से आगे जाते हुए भरतवन, हनुमानधारा आदि स्थान आते हैं।

चलो ! हम उस तरफ न जाते हुए, जिन सोपान से आयें थे उन्हीं सोपान से ऊपर चढ़ते हैं । **देखो ! नेमिनाथ प्रभु के केवलज्ञान कल्याणक की देहरी !**

आज भी इस कल्याणकारी भूमि पर नेमिप्रभु तथा अनंत तीर्थंकर परमात्माओं के केवलज्ञान कल्याणकों का पुनित प्रकाश, अनेक भव्यात्माओं के अंतर में पड़े मिथ्यातामस को दूर करके, शुद्ध सम्यक्त्व की साधना का स्पर्श करवा रहा है ।

हाल ही में निर्मित यह श्वेतवर्णीय संगेमरमर के पाषाण की देहरी कितनी उज्ज्वल दिख रही है ! यह देखो ! इसमें चरण पादुका की तीन जोड़ी हैं । उसमें नेमिप्रभु तथा जिन्हें इस सहसावन से मुक्तिपद प्राप्त हुआ है वे सिद्धात्मा रहनेमि तथा राजीमती की चरण पादुका है । ''नमो जिणाणं'' ''नमो सिद्धाणं'' ''नमो सिद्धाणं''

चलो ! यहाँ भी चैत्यवंदन करें....

केवलज्ञान कल्याणक का चैत्यवंदन

स्तुति

सहसावने वैभव त्यजी, दीक्षा ग्रहे राजुल प्रभु,
युद्ध आदरी चौपनदिने, कर्म करे ते लघु;
आसो अमासे चित्राकाले, कैवल्य पामे जगविभु,
ए गिरनारने वंदता, पापो बधा दूरे जता... (२)

चैत्यवंदन

जयवंत महंत निरंजन छो, भवनां दुःख दोहग भंजन छो;
भविनेत्र विकासन अंजन छो, प्रभु काम विकार विगंजन छो... १

जगनाथ अनाथ सनाथ करो, मम पाप अमाप समूल हरो;
अरजी उरनेमि जिणंद धरो, तुम सेवक छुं प्रभु ना विसरो... २

सुर अर्चित वांछितदायक छो, सहु संघतणा प्रभु नायक छो;
गिरनारतणा गुणगायक छो, कलहंसतणी गति लायक छो... ३

स्तवन

(राग : सिद्धारथना रे नंदन विनवुं...)

नेमि जिनेश्वर नमीए नेहशुं, ब्रह्मचारी भगवान;
पाँच लाख वरसनुं आंतरुं, श्याम वरण तनुवान... नेमि...
कारतिक वदि बारस चविया प्रभु, माता शिवादे मल्हार;
जनम्या श्रावण सुदि पांचम दिने, दशधनुकाया उदार... नेमि...
श्रावण सुदि छट्ठे दीक्षा ग्रही, आसो अमासे रे नाण;
अषाढ सुदि आठमे सिद्धि वर्या, वरस सहस आयु प्रमाण... नेमि...
हरि पटराणी शांब प्रद्युम्न वली, जिम वसुदेवनी नार;
गजसुकुमाल प्रमुख मुनिराजीया, पहोंचाड्या भवपार... नेमि...

राजीमती प्रमुख परिवारने, तार्यो करुणा रे आण;
पद्मविजय कहे निज पर मत करो, मुज तारो तो प्रमाण... नेमि...

थोय

त्रणज्ञान संयुता, मातानी कूखे हुंता,
जन्मे पुर हुंता, आवी सेवा करंता;
अनुक्रमे व्रत लहंता, पंच समिति धरंता,
महियल विचरंता, केवलश्री वरंता.

आत्मन् ! हम प्रभु के केवलज्ञान कल्याणक के अवसर के दृश्य की कल्पना करके आँख बंद करके केवलज्ञानकल्याणक के निमित्त से जाप करें ।

ॐ ह्रीँ श्री नेमिनाथ सर्वज्ञाय नमः

हम प्रभु के केवलज्ञान अवसर के ध्यानपूर्वक उन भावों में ओतप्रोत बनकर प्रभु से प्रार्थना करें...

प्रभु ! आपने शेष घातीकर्मों का नाश करने के लिए इस सहसावन के जंगल में कई परिषहों को समताभाव से सहन करके क्षमा, प्रेम और करुणा के सैन्य के सहारे इस घातीकर्मयुद्ध में विजय हासिल करने के लिए कदम उठाया ।

प्रभु ! आप चौपनवें दिन भादरवा वद अमावस को इस

वृक्ष के नीचे आए और काउस्सग्ग ध्यान में रहकर आप क्षपकश्रेणी पर आरुढ़ हुए।

प्रभु ! आप छट्ठे प्रमत्त गुणस्थान से सातवें अप्रमत्त गुणस्थानक से आठवें अपूर्वकरण गुणस्थान पर आरोहित होकर पहले आपकी पृथक्त्व वितर्क सविचार शुक्लध्यान की धारा चलविचलता से चलती है। बाद में पृथक्त्व वितर्क प्रविचार शुक्लध्यान की धारा अचल अविचलता से चलती है !

प्रभु ! आत्मध्यान की पूर्णतम तद्गतता के प्रभाव से आपके सहस्त्रारचक्र में सूक्ष्मतम शक्तियाँ उत्पन्न होती हैं। ध्यान की धारा विशेष आगे बढ़ने पर ध्यान की प्रचंड अग्नि के प्रभाव से घातीकर्म की सूक्ष्मतम ग्रंथि का भेद होते ही सर्व घातीकर्म भस्म हो जाते हैं। उसी समय मोहनीयकर्म का सर्वथा नाश होते ही राग द्वेष का भी नाश होता है। वीतराग अवस्था के बाद अंतः मुहूर्त काल में ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय और अंतरायकर्म की ग्रंथियों का भी भेद होता है।

प्रभु ! आपकी आत्मसृष्टि केवलज्ञान, केवलदर्शन, यथाख्यात चारित्र तथा अनंतवीर्य की परमात्म सृष्टि का सर्जन करती है।

प्रभु ! आपको अनंता अनंत काल के अनंतानंत द्रव्यों

में से प्रत्येक द्रव्य के प्रत्येक पर्याय के ज्ञानदर्शन की समृद्धतम समृद्धियाँ प्राप्त होती हैं।

प्रभु ! तुरंत ही आपके तीर्थंकर नामकर्म के विपाकोदय का प्रादुर्भाव होता है। चारमूल अतिशय, अष्ट महाप्रतिहार्य, चौतीस अतिशय और समवसरण सहित पैंतीस गुणवाली वाणी के आंतरबाह्य अलौकिक ऐश्वर्य का आविर्भाव होता है।

प्रभु ! आपके च्यवन-जन्म और दीक्षा की तरह इस केवलज्ञान कल्याणक के अवसर पर भी तीनों लोक में प्रकाश और सकल पंचेन्द्रिय जीवराशि तथा कुछ एकेन्द्रिय से चउरिन्द्रिय जीवों को सुख का एहसास हुआ। नौ नौ सुवर्ण कमल पर पादन्यासपूर्वक आप समवसरण की तरफ चलें... करोड़ों देवता आपके अनुयायी बनकर आपका अनुसरण कर रहे हैं। पूरा वर्ग, आपके प्रभाव से तीन गढ़ में से एक-एक गढ़ के दश हजार, पाँच हजार, पाँच हजार सोपान बिना कोई कष्ट से चढ़ रहे हैं।

प्रभु ! आपने समवसरण को प्रदक्षिणा, तीर्थ को नमस्कार, रत्नजडित सुवर्ण सिंहासन पर आरोहण होने के अरिहंत भगवंत के आचार का अनुकरण किया...

प्रभु ! आपकी दिव्यता के प्रभाव से ही देवों के द्वारा

आपके जैसे ही आबेहूब तीन-तीन देह तीनों-तीन दिशा में दृश्यमान होते हैं।

प्रभु ! आपने प्रथम देशना के द्वारा इस भवसागर में डूबते हम जैसे जीवों को तिरने के उपाय बताकर चतुर्विध संघ की स्थापना करके आपके शासन के अधिष्ठायक देव के रुप में गोमेध यक्ष तथा आपके शासन की अधिष्ठायिका तथा इस गिरनार महातीर्थ की अधिष्ठायिका के रुप में अंबिकादेवी की स्थापना की...

प्रभु ! वह भादरवा वद अमावस का दिव्य दिन धन्य है। आपके केवलज्ञान कल्याणक की वह पुण्य पल ! जिसने देखी वह धन्य है !

आत्मन् ! हम सब भी कितने धन्यातिधन्य बन गए हैं कि प्रभु के केवलज्ञान कल्याणक की कल्याणकारी भूमि की स्पर्शना के अवसर पर, प्रभु के केवलज्ञान कल्याणक के अवसर के भावों की संवेदना, प्रभु के केवलज्ञान कल्याणक के अवसर के आध्यात्मिक आंदोलन तथा तेजस्वी तारक तरंगों के स्पंदनों को हमने प्राप्त किया।

''त्यारे तमोने जेमणे जोया हशे ते धन्य छे....''

इस पंक्ति का गुंजन करते-करते चलो !

धून : प्रशांतगिरये नमो नमः, पद्मगिरये नमो नमः,
सिद्धशेखरगिरये नमो नमः, वंदन हो गिरनार ने... (२)

तूफानी कर्म के पवन को भी प्रशांत करे वह भूमि है यह गिरनार !

अनंत जिनरुपी पद्म की सुवास चारों तरफ फैली हुई है जहाँ वह भूमि है यह गिरनार !

अनंत जिन को सिद्धपद दान से गिरि शेखर बनी वह भूमि है यह गिरनार !

आत्मन् !

इस सहसावन में ही श्री कृष्ण वासुदेव के द्वारा चाँदी के, सुवर्ण के तथा रत्न के प्रतिमाजीयुक्त तीन जिनालयों का निर्माण हुआ था।

इस सहसावन में पूर्वकाल में सोने के चैत्य में मनोहर चौबीसी का निर्माण किया गया था।

इस सहसावन के पास लक्षाराम (वन) में एक गुफा में अतीत, वर्तमान और अनागत, इस तरह तीन चौबीसी के ७२ तीर्थंकर परमात्मा की प्रतिमाजी बिराजमान की गयी थी।

इस सहसावन में केवलज्ञान पाकर लक्षाराम (वन) में प्रभु ने धर्म का उपदेश दिया था।

इस सहसावन की सिद्धभूमि में ही करोड़ों देवताओं के द्वारा अनंतजिनों के प्रथम और अंतिम समवसरण की रचना हुई थी।

ऐसे महिमावंत गिरनार की जय हो ! जय हो! जय जयकार हो !

आत्मन् ! चारों तरफ पहाड़ों की हारमाला के बीच में यह महाराजा के जैसा गिरनार नगाधिराज देखो !

आत्मन् ! इस दिखते जगत में मानव अर्थ-काम की लालसा के दुःखों से पीड़ित हैं और तिर्यंच क्षुधातृषा के दुःखों से पीड़ित हैं। नहीं दिखते ऐसे जगत में नरक के जीव नरक की तीव्र वेदनाओं से पीड़ित हैं और देव दिव्य वैभव, ऐश्वर्य की नश्वरता की कल्पना मात्र से पीड़ित हैं।

आज का विज्ञान, विकास के नाम पर सभी को विनाश की तरफ ले जा रहा है। आज का मानव विज्ञान और विज्ञान के साधनों के पीछे पागल बना है। मोबाईल, कॉम्प्युटर, इन्टरनेट आदि कई साधनों ने घर-घर में स्वजनों के साथ बंधे हुए निर्दोष और निर्मल आत्मीय संबंधों को तहस-नहस कर दिया है।

घर की स्त्री घर में भी सुरक्षित नहीं है। चारों तरफ

से दोष और दूषणों की आग फैल रही है। आज का युवावर्ग पतन के मार्ग पर दौड़ रहा है। कहाँ, कौन, कैसे बचाएगा ? यह एक बहुत बड़ा प्रश्न है। फिर भी, जब तक जिनेश्वर परमात्मा का शासन तथा ऐसे कल्याणकारी तीर्थों का संयोग मिला है, तब तक हमारे बचने की पूरी संभावना है।

तारक तीर्थंकर प्रभु की करुणा हम पर अविरत रुप से बह रही है।

आज भी प्रभु के कल्याणकों के भूमि प्रदेशों पर परमात्मा की आत्माओं के उस अवसर के परम पावन और पवित्र परमाणु बहुत अधिक प्रमाण में फैले हुए हैं।

आज भी प्रभु के कल्याणकों की तिथि का विशिष्ट प्रकार का प्रचंड प्रभाव प्रसारित है।

प्रभु के कल्याणकों की तरह इन कल्याणकभूमि के स्थान तथा कल्याणक दिन की तिथियों की असीम शक्तियाँ हैं। ये कल्याणक तिथि भी पर्व तिथि के समान है।

आत्मन् !

इन कल्याणक भूमियों की स्पर्शना, संवेदना तथा स्पंदना के साथ-साथ कल्याणक तिथियों की आराधना, नित्यक्रम में प्रभु के पाँच कल्याणक का ध्यान तथा

पंचकल्याणक की भावयात्रा की आराधना, आराधक ऐसे आत्माओं को प्राथमिक काल में तीर्थंकर परमात्मा का परोक्ष परिचय तथा समागम करवाती है और परंपरा से प्रभु का प्रत्यक्ष परिचय तथा समागम करवाती है। सुवर्ण कमल पर पादन्यास जैसे चौतीस अतिशयों के साथ समवसरण का दिव्यातिदिव्य दर्शन भी करवाती है।

ऐसे कल्याणकों के आलंबन से आराधक आत्माओं के, परमात्मा की आत्मा के साथ रहे हुए अंतर के अंतराय दूर हो जाते हैं और मुक्तिपर्यंत के अटूट संबंध जुड़ते हैं।

प्रभु के पंच कल्याणकों के आलंबन से शांति-समाधि-सद्गति और सिद्धिगति की साधना होती है। देवाधिदेव के प्रत्येक कल्याणक उनके दिव्यतम जीवन की दिव्यातिदिव्य प्रसंगावलि है।

कल्याणक के आलंबन से आराधना करनेवाले आराधक स्वयं परमात्मपद को प्राप्त करते हैं ! गर्भ, जन्म, अचारित्र, अज्ञान तथा सदेहावस्था के स्थान पर अगर्भ, अजन्म, अनंत चारित्र, अनंतज्ञान और अदेहावस्था स्वरुप शाश्वत स्थान को प्राप्त करते हैं।

पाँच इन्द्रियों के विषय में चकचूर बने जीवों को

विनंती करते हैं कि....

प्रभु ! कहा जाता है कि हृदय के सच्चे भाव से की गयी प्रार्थना कभी निष्फल नहीं जाती।

हे अनंत अरिहंत प्रभु ! आप तो पाँच-पाँच कल्याणकों के द्वारा शाश्वत सुख के स्वामी बनें।

हे अनंत अरिहंत प्रभु ! आपके शासन में अनंतजीव भवसागर से पार उतरे फिर भी मैं तो संसार सागर में डूब रहा हूँ।

हे अनंत अरिहंत प्रभु ! इस संसार सागर में अर्थकाम की कामनाओं में, विषय-कषाय की वासनाओं में और राग-द्वेष की जाल में मैं अनादिकाल से फँसा हुआ हूँ।

प्रभु ! आपके प्रत्येक कल्याणक की शक्ति से मेरे खतरनाक दोष खतम हो जाओ ! निर्मूल हो जाओ ! विनाश हो जाओ !

प्रभु ! आपके पंचकल्याणकों के प्रत्येक कल्याणक की प्रत्येक शक्ति के द्वारा मेरे सर्वदोष संपूर्णतया नाश हो जाओ ! मेरी आत्मा के सर्व गुण पूर्णतया प्रकाशित हों !

हे अनंत अरिहंत परमात्मा ! इस जगत का जीवंत उद्धार करने के लिए आप अपने कल्याणकों के परमाणु,

कल्याणकों का भव्य प्रभाव और कल्याणकों की आराधना इस विश्व के विराट पथ पर फैलाते गए हो, उन परमाणुओं का स्पर्श मैं प्राप्त करुँ, ऐसी कृपा करो !

हे प्रभु ! जो कोई जीव कल्याणक की दिव्यतम दिव्यताओं को समझते हैं, कल्याणकों की कल्याणकारिता को आत्मसात् करते हैं और कल्याणकों की मोक्षदायिता की आराधना करते हैं, वे जीव आपके जैसी सिद्धपद की शाश्वत रिद्धि सिद्धि को प्राप्त करते हैं !

प्रभु ! आपकी च्यवनावस्था की भावभरी आराधना से मेरी गर्भावस्था के अपचय और अगर्भावस्था के उपचय से मुझे परमपद की प्राप्ति हो !

प्रभु ! आपके जन्म कल्याणक की भावभरी आराधनाओं के प्रभाव से मेरी जन्मावस्था के अपकर्ष और अजन्मावस्था के उत्कर्ष से मुझे परमपद की प्राप्ति हो !

प्रभु ! आपके दीक्षाकल्याणक की भावभरी आराधना के प्रभाव से मेरी भोगावस्था के विघटन तथा योगावस्था के संघटन से मुझे परमपद की प्राप्ति हो !

प्रभु ! आपके केवलज्ञान कल्याणक की भावभरी आराधना के प्रभाव से मेरी अज्ञानावस्था के विसर्जन और

सर्वज्ञावस्था के संसर्जन से मुझे परमपद की प्राप्ति हो।

प्रभु ! आपके निर्वाणकल्याणक की भावभरी आराधना के प्रभाव से मेरी सदेहावस्था के विनाश और अदेहावस्था के विकास से मुझे परमपद की प्राप्ति हो।

हे अनंत अरिहंत परमात्मा ! परमपदप्रदाता ऐसे आपके पाँचकल्याणकों की विविध आराधना से मेरे संसार की सर्वपर्यायमय अवस्थाओं का नाश हो ! संसारातीत मुक्ति की एक ही अवस्था प्रकट हो !

आत्मन् ! यदि हम अल्पकाल में मोक्षपद चाहते हैं तो हमें इस गिरनार के साथ प्रीति करनी पड़ेगी, जिससे आनेवाली चौबीसी के प्रथम तीर्थंकर पद्मनाभ दादा का हमें संयोग हो और मात्र साधिक ८४ हजार वर्ष में हमारी आत्मा का निस्तार हो ! गिरनार के साथ प्रीति के कारण जो भक्ति होगी वह मुक्ति के द्वार तक पहुंचाएगी। यदि प्रथम तीर्थंकर के समय की गाड़ी छूट जाये तो एक के बाद एक चौबीसों प्रभु की परमपद की गाड़ी यहीं से जानेवाली है। इसलिए हमारी भी उसमें कहीं न कहीं तो जगह हो जाएगी।

